रोल नं ....................

# 1101 - A

**कक्षा 11वीं त्रैमासिक परीक्षा, 2022-23**

**हिंदी – 207**

(माध्यम हिन्दी)

( कुल प्रश्नों की संख्या : 23) ( कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 06)

(समय : 03 घंटे) (पूर्णांक : 80)

---

***निर्देश –***

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न 1 नंबर का होगा।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है, शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक 3 अंक का है, शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है ।

(6) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक 4 अंक का है, शब्द सीमा लगभग 150 शब्द है।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए - (6)

1. कबीर ने ईश्वर के कितने रूप माने हैं -
   1. तीन 2. दो 3. आठ 4.एक
2. हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग कहलाता है -
   1. भक्तिकाल 2. आदिकाल 3. रीतिकल 4.आधुनिक काल
3. भारतीय संगीत में प्राचीनकाल से प्रचलित सबसे पुराना वाद्य यंत्र कौन सा है -
   1. बांसुरी 2. डमरू 3. वीणा 4.सितार
4. लता के स्वरों में है -
   1.कोमलता 2. मीठापन 3. निर्मलता 4. पवित्रता
5. नमक के दरोगा कहानी का प्रकाशन वर्ष में हुआ -
   1.1914 2.1924 3.1934 4.1925
6. अपू के ढाई साल पाठ गद्य की विधा है -
   1. निबंध 2. कहानी 3. रेखाचित्र 4. संस्मरण

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - (7)

1. मिया नसरुदीन……………के मसीहा थे।
2. विदाई संभाषण व्यंग्य…….. पर लिखी गई रचना है।
3. नाटक एवम एकांकी………….. विधा है।
4. संचार प्रक्रिया में प्राप्तकर्ता की प्रतिक्रिया को…………कहते हैं।
5. हम तो एक एक करि जाना`पंक्ति में…………. अलंकार है।
6. अलंकार के………भेद हैं।
7. मिया नसरुदीन कितने प्रकार के रोटियां बनाने के लिए……………प्रसिद्ध थीं।

प्र.3. सही जोड़ी बनाइए– (6)

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| i. 'राजस्थान की रजत बूँदे' | – (क) विधि वाचक |
| ii. 'जनसंचार का माध्यम' | – (ख) गजानन माधव मुक्तिबोध |
| iii. 'एक साहित्यिक की डायरी' | – (ग) धीरे–धीरे |
| iv. 'वे ऑखें' | – (घ) अनुपम मिश्र |
| v. वाक्य का प्रकार | – (ड.) इंटरनेट |
| vi. पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार | – (च) सुमित्रानंदन पंत |
| | – (छ) शेखर जोशी |
| | – (ज) संपादन |

प्रश्न 4. एक वाक्य में उत्तर दीजिए - (7)

1. अपू की माँ का क्या नाम था ।
2. गलता लोहा गद्य की कौन सी विधा है।
3. भारतेंदु युग के प्रवर्तक का पूरा नाम लिखिए।
4. एलोरा की गुफाएं कब तैयार की गई ।
5. भारतीय टेलीविजन को दूरदर्शन नाम कब दिया गया।
6. दो महाकव्यों के नाम तथा एक एक रचना का नाम लिखिए।
7. अनुभाव कितने प्रकार के होते हैं।

प्रश्न 5. सत्य/असत्य लिखिए - (6)

1. दोहा और रोला छंद को मिलाकर कुंडलिया छंद बनता है।
2. गलता लोहा पाठ के लेखक शेखर जोशी हैं।
3. डायरी नितांत वैयक्तिक रचना है।
4. जनसंचार माध्यमों का लोगों पर केवल सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
5. काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्व को छंद कहते हैं।
6. कुमार गंधर्व ने कबीर के पदों का गायन किया है ?

प्रश्न 6. दोहा छंद की परिभाषा लिखिए। (2)

अथवा

महाकाव्य और खंडकाव्य में अंतर लिखिए।

प्रश्न 7.प्रबंध काव्य और मुक्तक काव्य में अंतर लिखिए। (2)

अथवा

यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 8. लक्षणा शब्दशक्ति किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

हास्य रस की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 9. लता मंगेशकर के गायन की विशेषताएं लिखिए। (2)

अथवा

शास्त्रीय संगीत और चित्रपट संगीत में क्या अंतर है।

प्रश्न 10. जनसंचार माध्यमों के क्या खतरे हैं ? (2)

अथवा

पत्रकारिता क्या है ?

प्रश्न 11. डायरी लेखन की दो महत्वपूर्ण विशेषताएं लिखिए। (2)

अथवा

लार्ड कर्जन कैसा वायसराय था ?

प्रश्न 12. मिया नसरुदीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है? (2)

अथवा

द्विवेदी युग की दो विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 13. कबीर ने अपने आपको को दीवाना क्यों कहा है ? (2)

अथवा

रीतिकाल को श्रृंगार काल क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 14. छायावादी कविता की दो विशेषताएं लिखिए। (2)

अथवा

पथेर पांचाली फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ?

प्रश्न 15.लेखिका मिया नसरुदीन के पास क्यों गई थी ? (2)

अथवा

समाचार तत्त्वों के नाम लिखिए।

प्रश्न 16. कबीर अथवा मीरा का काव्य परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर दीजिए। (3)

(अ) दो रचनाएं (ब) भाव पक्ष - कला पक्ष (स) साहित्य में स्थान

प्रश्न 17. हजारी प्रसाद द्विवेदी अथवा रामधारी सिंह दिनकर का काव्य परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर दीजिए। (3)

(अ) दो रचनाएं (ब) भाषा - शैली (स) साहित्य में स्थान

प्र.18. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए– (3)

(i) कान का कच्चा होना। (ii) तिल का ताड़ बनाना। (iii) आग में घी डालना

अथवा

मुहावरे एवं लोकोक्ति में कोई तीन अंतर लिखिए।

प्र.19. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (3)

संस्कार ही शिक्षा है, शिक्षा मानव को मानव बनाती है। आज के भौतिकवादी युग में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य सुख पाना रह गया है। अंग्रेजों ने इस देश में अपना शासन व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए ऐसी शिक्षा को उपयुक्त समझा, किंतु यह विचारधारा हमारी मान्यता के विपरीत है। आज की शिक्षा प्रणाली एकांकी है, उसमें व्यवहारिकता का आभाव और काम के प्रति निष्ठा नहीं है। प्राचीन शिक्षा प्रणाली में अध्यात्मिक एवं व्यवहारिक जीवन की प्रधानता थी। यह शिक्षा केवल नौकरी के लिए ही नहीं, जीवन को सही दिशा प्रदान करने के लिए भी थी। अतः आज के परिवेश में यह आवश्यक हो गया है कि इन दोषों को दूर किया जाए अन्यथा यह दोष हमारे समाजिक जीवन को निगल जाएगा।

प्रश्नः–

i. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

ii. गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

iii. भौतिकवादी युग से क्या तात्पर्य है ?

अथवा

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

"श्रम" होता है सबसे अमूल्य धन,
सब जन खूब कमाते।
सब अंशक रहते आभाव से,
सब इच्छित सुख पाते।
राजा–प्रजा नहीं कुछ होता,
होते मात्र मनुज ही।
भाग्य लेख होता न मनुज का,
होता कर्मठ भुज ही।

प्रश्नः–

i. उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii. सबसे अमूल्य धन कौन–सा हैं ?

iii. उपर्युक्त पदयांश के आधार पर कर्मठ कौन होता है ?

प्रश्न 20. निम्न पद्यांशो की सन्दर्भ प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए - (4)

1. मेरे तो गिरिधर गोपाल, दूसरो न कोई
जाके सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई
छांडि दयी कुल की कानि, कहा करिहैं कोई?
संतन ढिग बैठी - बैठी लोक लाज कोई?
अंसुवन जल सींचि सीचि प्रेम बेलि बोई
अब त बेलि फैल गई आनंद फल होई

अथवा

आज उनके स्वर्ण बेटे,
लगे होंगे उन्हें हेटे,
क्योंकि मैं उनपर सुहागा
बंधा बैठा हूं अभागा,

प्रश्न 21. निम्नलिखित गद्यांस की सन्दर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए - (4)

1. पीढ़ियों से चले आते पैतृक धंधे ने उन्हें निराश कर दिया था।दान दक्षिणा के बूते पर वे किसी तरह परिवार का आधा पेट भर पाते थे।मोहन पढ़ लिख कर वंश का दारिद्रीय मिटा दे यह उनकी हार्दिक इच्छा थी। लेकिन इच्छा होने भर से ही सब कुछ नहीं हो जाता।

अथवा

पण्डित अलोपीदीन का लक्ष्मीजी पर अखंड विश्वास था। वह कहा करते थे कि संसार का तो कहना ही क्या, स्वर्ग में भी लक्ष्मी का ही राज्य है।उनका यह कहना याथार्थ ही था। न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने है, इन्हें वह जैसे चाहती हैं, नचाती हैं।

प्रश्न 22. परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के बजाने पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश को प्रार्थना पत्र लिखिए। (4)

अथवा

अपने पिताजी को अपनी परीक्षा की तैयारी के विषय में पत्र लिखिए।

प्रश्न 23. निम्नलीखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए - (4)

- जीवन में खेलों का महत्व
- विद्यार्थी जीवन और अनुसासन
- वर्तमान समय में कंप्यूटर की उपयोगिता
- जल ही जीवन है
- वनों का महत्व

—-------------------------------------------------